उन्होंने प्रभारी अपर आयुक्त से व्यापारियों का उत्पीड़न बंद करने की मांग

खान, मुनि आहूजा मौजूद रहे।

चाहिए, जो आम लोगों के बीच संबंधों को उचित रूप दे सकें। उन्होंने कहा कि

नाथ, भवान सिंह बोरा, दयाकिशन भट्ट, नीरज भट्ट आदि मौजूद थे।

हिन्दुस्तान 22 Nov

सहकारी अधिकारी के घर से चोरी

गदरपुर। क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस बीते एक सप्ताह में हुई आधा दर्जन चोरियों का अभी खुलासा नहीं कर पाई थी कि चोरों ने अपर जिला सहाकारी अधिकारी के आवास से हजारों की नगदी और जेवर पार कर लिए।

किसान सहकारी समिति गदरपुर के प्रथम तल पर एडीसीओ दान सिंह नपलच्याल रहते है। बीते दिनों वह दीपावली की छुट्टियों में अपने पैत्रक घर गये हुए थे। अज्ञात चोर छत के रास्ते से कमरे में घुस आए और कमरे का ताला तोड़कर सेफ से तीन हजार की नकदी एक सोने की अंगूठी, आधा किलो चांदी के अलावा बच्चे को मिले मैडल चुरा ले गये। इधर बीती रात वार्ड नंबर चार में कर्म सिंह के घर से एक चोर दो जोड़ी जूते व तीन सौ रुपए चुराकर भाग रहा था उसे पकड़ मकान मालिक ने पुलिस को सौंप दिया।

पहाड़ों में लगें उद्योगः दुर्गापाल

रुद्रपुर | हमारे संवाददाता

श्रम मंत्री हरीश चन्द्र दुर्गापाल ने कहा कि उद्योग बंधुओं को श्रमिकों की सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने होंगे। उन्होंने उद्योग बंधुओं से पर्यावरण सुरक्षा के लिए आगे आने की बात कही।

कैबिनेट मंत्री दुर्गापाल नैनीताल रोड स्थित एक होटल में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद उत्तराखंड चैप्टर के दो दिवसीय सेमिनार में उद्योग बंधुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिडकुल की स्थापना के बाद यहां महज सात सौ उद्योग लगाये गए थे जिनकी संख्या अब पैंतीस सौ के आस-पास पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि जितने उद्योग बढ़ेंगे उतनी ही राज्य की आर्थिक स्थिती मजबूत होगी। और राज्य से बेरोजगारी घटेगी। इसी बिन्दू को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री ने सिडकुल फेज टू का शिलान्यास किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने उद्योगपतियों से राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में भी उद्योग लगाने की बात कही। इस मौके पर कारखाने में किसी अप्रिय घटना से निबटने के लिए प्रयुक्त होने वाले उपकरणों की प्रर्दशनी भी लगाई गई। चैप्टर के चेयरमैन आरके सिंह ने कहा कि दो दिन चलने वाले सेमिनार में एमके राव, एस देवराजन, अनिल आहूजा आदि विशेषज्ञ ओद्योगिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, एवं पर्यावरण पर प्रशिक्षण देंगे। इस मौके पर श्रम आयुक्त उत्तराखंड पीसी कुटियाल, पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, आरके सिंह, पीएम डिंडोरकर, आरके शर्मा थे।

रुद्रपुर में दीप जलाकर सेमिनार का शुभारंभ करते श्रम मंत्री दुर्गापाल व अन्य।